NIOS PYQ's SOLUTIONS

PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS

APRIL-2024

Your Path to Success

खंड - अ

प्रश्न 1 - निम्न में से समुदाय की विशेषता कौन-सी है?

(A) एक निश्चित क्षेत्र से संबंधित

(B) अपनेपन की मजबूत भावना

(C) एक मूर्त अस्तित्व

(D) उपर्युक्त सभी

उत्तर - (D) उपर्युक्त सभी

अथवा

समाजशास्त्र में समाज व्यक्तियों के बीच बन रहे _____ के योग की ओर संकेत करता है।

(A) संबंधों

(B) संस्थाओं

(C) संघों

(D) समुदायों

उत्तर - (A) संबंधों

प्रश्न 2 - निम्न में से मार्क्स द्वारा बताई गई समाजवादी समाज की विशेषता कौन-सी है?

(A) आदर्श समाज

(B) वर्गों का वर्गीकरण न हो

(C) कोई संघर्ष न हो

(D) उपर्युक्त सभी

उत्तर - (D) उपर्युक्त सभी

अथवा

जब अभौतिक संस्कृति शीघ्रता से भौतिक परिवर्तनों से तालमेल नहीं रख पाती, तब उसका नतीजा _____ होता है।

(A) प्रसार

(B) संस्कृति-संक्रमण

(C) सांस्कृतिक पिछड़ापन

(D) एकांत

उत्तर - (C) सांस्कृतिक पिछड़ापन

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

प्रश्न 3 - चुनाव (निर्वाचन) _____ के बीच एक राजनैतिक संवाद कायम करते हैं।

(A) लोगों

(B) राजनैतिक पार्टियों

(C) शासक और शासित

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (C) शासक और शासित

प्रश्न 4 - निम्न में से नगरीय समाज की सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषता कौन-सी है?

(A) विवाह

(B) नातेदारी

(C) गुमनामी

(D) व्यक्तित्व

उत्तर - (C) गुमनामी

प्रश्न 5 - निम्न में से क्या लोगों के द्वारा अपने विशिष्ट लक्ष्य की पूर्ति के लिए बनाया गया है?

(A) संघ

(B) समाज

(C) समुदाय

(D) पड़ोस

उत्तर - (A) संघ

प्रश्न 6 - 1920 नातेदार हमेशा एक-दूसरे से रक्त या विवाह द्वारा जुड़े नहीं होते हैं अपितु कई बार बोलचाल में इन्हें नातेदार माना जाता है। ऐसे नातेदार _____ कहलाते हैं।

(A) समरक्त

(B) वैवाहिक

(C) काल्पनिक

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (C) काल्पनिक

अथवा

नातेदार की निकटता के आधार पर दिए गए उदाहरण का प्रकार बताइए, उदाहरण—पिता के भाई की पत्नी, पिता की बहन का पति, इत्यादि।

(A) प्राथमिक

(B) द्वितीयक

(C) तृतीयक

(D) भाई-बहनों के बच्चे

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

उत्तर - (B) द्वितीयक

प्रश्न 7 - सन् 2001 की प्राथमिक जनगणना रिपोर्ट के अनुसार, हमारे देश में _____ लोग साक्षर हैं।

(A) 62% **(B) 64%**

(C) 65% **(D) 33%**

उत्तर - (B) 64%

प्रश्न 8 - हमारे देश में पहली शिक्षा नीति सन् _____ में लागू की गई।

(A) 1960 **(B) 1980**

(C) 1784 **(D) 1967**

उत्तर – 1968 (यह विकल्प नहीं दिया गया है, किन्तु हमारे देश में पहली शिक्षा नीति सन् **1968** में लागू की गई थी।)

अथवा

सन् 1991 की जनगणना रिपोर्ट के अनुसार, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में से किस राज्य की साक्षरता दर सबसे ऊँची थी?

(A) ओडिशा **(B) बिहार**

(C) केरल **(D) कर्नाटक**

उत्तर - (C) केरल

प्रश्न 9 - निम्न में से उस कारण को चुनिए, जो सामाजिक स्तरीकरण की एक प्रणाली के रूप में वर्ग के बारे में सही नहीं है।

(A) गैर-वंशानुगत **(B) अपने वर्ग से ऊपर उठने की मनाही**

(C) सगोत्र विवाह का गंभीरता से पालन न करना **(D) उपलब्धियाँ और कौशल महत्त्वपूर्ण हैं**

उत्तर - (B) अपने वर्ग से ऊपर उठने की मनाही

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

प्रश्न 10 - निम्न में से उस टर्म को चुनिए जो समाज द्वारा समाज के सदस्यों के आचरण के लिए निर्धारित नियमों और मानदंडों को परिभाषित करता है।

(A) कानून

(B) आचार-विचार

(C) प्रथाएँ

(D) परम्पराएँ

उत्तर - (A) कानून

अथवा

एक जर्मन समाजशास्त्री फर्डिनेन्ड टोनीज़ ने किसकी बात की थी?

(A) पूँजीपति वर्ग

(B) जैमिनशाफ्ट

(C) जेसेलशाफ्ट

(D) (B) और (C) दोनों

उत्तर - (D) (B) और (C) दोनों

प्रश्न 11 - भारत जिन प्रमुख मुद्दों का सामना कर रहा है, उनमें से एक है

(A) निरक्षरता

(B) जनसंख्या विस्फोट

(C) दहेज

(D) ऐल्कोहॉलिज्म

उत्तर – (B) जनसंख्या विस्फोट

अथवा

दहेज, भाई-भतीजावाद, बेईमानी इत्यादि किस प्रकार के भ्रष्टाचार हैं?

(A) सामाजिक

(B) राजनीतिक

(C) प्रशासनिक

(D) व्यावसायिक

उत्तर – (A) सामाजिक

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

प्रश्न 12 - निम्न में से कौन-सा भारतीय सामाजिक व्यवस्था के प्रासंगिक दृष्टिकोण या क्षेत्र दृष्टिकोण को परिभाषित करता है?

(A) जाति

(B) वर्ण

(C) कास्ट

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (C) कास्ट

प्रश्न 13 - जाति भेदभाव के अपने शोध में डेनियल ने जातीय भेदभाव की सीमा का पता _____ में लगाना चाहा।

(A) ब्रिटेन

(B) फ्रांस

(C) भारत

(D) दक्षिण अफ्रीका

उत्तर - (D) दक्षिण अफ्रीका

अथवा

एक समाज का पूर्ण अध्ययन तब तक नहीं किया जा सकता है जब तक उसकी तुलना दूसरे _____ से न की जाए।

(A) लोगों

(B) संघों

(C) समाजों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (C) समाजों

प्रश्न 14 - किस प्रणाली की शुरुआत के माध्यम से गाँवों में स्थानीय स्वशासन का निर्माण किया गया है?

(A) पंचायती राज

(B) न्यायपालिका प्रणाली

(C) आरक्षण प्रणाली

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (A) पंचायती राज

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

प्रश्न 15 - निम्न में से कौन-सा समूह जाति प्रणाली का आंतरिक अंग नहीं है?

(A) अनुसूचित जातियाँ

(B) अनुसूचित जनजातियाँ

(C) पिछड़े वर्ग

(D) अन्य पिछड़े वर्ग

उत्तर - (C) पिछड़े वर्ग

अथवा

बहुत समय से अनुसूचित जनजातियाँ अपनी पहचान के लिए चेतन रही हैं, इसलिए उन्होंने _____ के खिलाफ आंदोलन चलाए।

(A) जमींदारों

(B) जागीरदारों

(C) ब्रिटिश राज

(D) उपर्युक्त सभी

उत्तर - (D) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 16 - निम्न में से किस समूह को अपने स्तर (प्रस्थिति) को संस्कृतिकरण करने की इजाजत नहीं है?

(A) ब्राह्मण

(B) अछूत

(C) उच्च जातियाँ

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (B) अछूत

प्रश्न 17 - एक पड़ोस या गाँव निम्न में से किसका बहुत अच्छा उदाहरण है?

(A) समुदाय

(B) समाज

(C) शहरीकरण

(D) संघ

उत्तर - (A) समुदाय

अथवा

एक समाज को व्यक्तियों के समूह या समुच्चय के रूप में निम्न में से किसने परिभाषित किया?

(A) समाजशास्त्री

(B) राजनैतिक वैज्ञानिक

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(C) साधारण व्यक्ति **(D) मानवशास्त्री**

उत्तर - (A) समाजशास्त्री

प्रश्न 18 - किन्हीं दो रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(a) दामाद और ससुर की नातेदारी का उदाहरण है।

उत्तर - वैवाहिक

(b) निकटता पर आधारित नातेदारी के अनुसार हमारे प्रथम कोटि के नातेदार के प्राथमिक नातेदार हमारे _____ नातेदार होते हैं।

उत्तर - द्वितीयक

(c) नातेदारी पद, जिनका उपयोग हम किसी अप्रत्यक्ष व्यक्ति के लिए करते हैं उन्हें _____ कहते हैं।

उत्तर - संदर्भसूचक पद

प्रश्न 19 -किन्हीं दो रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(a) सरल आदिवासी समाज में कोई कठोर _____ नहीं होता।

उत्तर - सामाजिक स्तरीकरण

(b) धर्म का वह रूप, जहाँ आदिवासी किसी जड़ पदार्थ जैसे पत्थर या लकड़ी को पूजते हैं, उसे _____ के नाम से जाना जाता है।

उत्तर - टोटमवाद

(c) आदिवासी अपने आप को मिट्टी की संतान मानते हैं इसलिए उनके अंदर एक मजबूत _____ पहचान की भावना है।

उत्तर - जातीय

प्रश्न 20 - निम्न में से किन्हीं पाँच रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

(a) संयुक्त परिवार, जो विस्तृत है और इसमें परिवार के भाई एक ही छत के नीचे रहते हैं, है _____।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

उत्तर - संयुक्त

(b) किबुत्ज एक अनोखी परिवार प्रणाली है जो _____ में पाई जाती है।

उत्तर - इज़राइल

(c) ऐसे परिवार का समूह, जिसमें पति-पत्नी और दोनों तरफ के रिश्तेदार हों, है _____।

उत्तर - वैवाहिक

(d) वह पद, जो किसी एक विशेष नातेदारी की श्रेणी पर लागू होता है, है _____।

उत्तर - विशिष्ट

(e) एक व्यक्ति के मातृ और पितृ दोनों वंशक्रमों को दर्शाने वाला पद _____ कहलाता है।

उत्तर - द्विपक्षीय

(f) दो नातेदारों के बीच जब कोई प्रत्यक्ष रूप से बातचीत नहीं होती है, बल्कि तीसरे व्यक्ति के माध्यम से सम्बोधन होता है, तो उसे _____ कहते हैं।

उत्तर - अप्रत्यक्ष

(g) एक ऐसे नातेदारों का समूह, जो एक समान पूर्वज अथवा वंश से परिचित कड़ियों के माध्यम से संबद्ध होते हैं, है _____।

उत्तर - वंश

प्रश्न 21 – सही या गलत लिखिए (कोई दो)

(a) प्रकृति की लय, रात और दिन का चक्र, बुआई, कटाई के मौसम आदि उतार-चढ़ाव (दोलायमान परिवर्तन) के प्रतीक हैं।

उत्तर - सत्य ✅

(b) संघर्ष के सिद्धांत के अनुसार प्रत्येक प्रकार की क्रिया, विश्वास और अन्तर्क्रिया एक विपरीत प्रतिक्रिया को जन्म देने का प्रयत्न करती है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

उत्तर - सत्य ✅

(c) सामाजिक परिवर्तन एक विश्वव्यापी प्रक्रिया है।

उत्तर - सत्य ✅

प्रश्न 22 – सही या गलत लिखिए (कोई तीन) :

(a) प्रत्येक समूह संरचनात्मक रूप से संगठित है।

उत्तर - असत्य ❌ (कुछ समूह अनौपचारिक और असंरचित भी हो सकते हैं)

(b) नामपद्धति सामाजिक समूह की विशेषता नहीं है।

उत्तर - असत्य ❌ (नामकरण समूह की पहचान का हिस्सा होता है)

(c) परिवार एक समिति के रूप में एक समूह है जबकि एक संस्था के रूप में समूह नहीं है।

उत्तर - सत्य ✅

(d) किसी औपचारिक नियम की उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति में समूह को औपचारिक या अनौपचारिक समूह में परिभाषित किया जा सकता है।

उत्तर - सत्य ✅

(e) खुला समूह वह है जिसकी सदस्यता ऐच्छिक नहीं होती है।

उत्तर - असत्य ❌ (खुला समूह वह होता है जिसमें सदस्यता इच्छा से ली जाती है।)

प्रश्न 23- किन्हीं चार के उत्तर दीजिए (दावा, तर्क) :

(i) निम्न के आधार पर सही विकल्प को पहचानिए :

दावा (A) : क्रमिक विकास की गतिशील दिशा जटिल स्थिति से साधारण की ओर नहीं लौटाई जा सकती।

तर्क (R) : क्रमिक विकास एक अपरिवर्तनीय प्रक्रिया है।

(A) (A) सही है, पर (R) गलत है

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(B) (A) गलत है, पर (R) सही है

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं

उत्तर - (C) (A) और (R) दोनों सही हैं

(ii) निम्न के आधार पर सही विकल्प को पहचानिए :

दावा (A) : सामाजिक परिवर्तन मूल्य-तटस्थ प्रक्रम नहीं है।

तर्क (R) : विभिन्न लोगों की विषयगत या व्यक्तिगत पसंद को सामाजिक परिवर्तन के अध्ययन में महत्त्व नहीं दिया जाता।

(A) (A) सही है, पर (R) गलत है

(B) (A) गलत है, पर (R) सही है

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं

उत्तर - (A) (A) सही है, पर (R) गलत है

(विषयगत या व्यक्तिगत पसंद को सामाजिक परिवर्तन के अध्ययन में महत्व दिया जाता है)

(iii) निम्न के आधार पर सही विकल्प को पहचानिए :

दावा (A) : फ्रांस की राज्यक्रांति में सम्राट की सत्ता एकदम समाप्त हो गई थी।

तर्क (R) : मौजूदा सामाजिक व्यवस्था को अचानक और आकस्मिक उखाड़ फेंके जाने की स्थिति क्रांति होती है।

(A) (A) सही है, पर (R) गलत है

(B) (A) गलत है, पर (R) सही है

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं

उत्तर - (C) (A) और (R) दोनों सही हैं

(iv) निम्न के आधार पर सही विकल्प को पहचानिए :

दावा (A) : विकास की अवधारणा हाल ही के वर्षों में विकसित नहीं हुई है।

तर्क (R) : यह एक अनियोजित सामाजिक परिवर्तन की रणनीति होती है।

(A) (A) सही है, पर (R) गलत है

(B) (A) गलत है, पर (R) सही है

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं

उत्तर - (A) (A) सही है, पर (R) गलत है (विकास योजित परिवर्तन है, अनियोजित नहीं)

(v) निम्न के आधार पर सही विकल्प को पहचानिए :

दावा (A) : समाजीकरण एक सामाजिक प्रक्रिया है।

तर्क (R) : यह बच्चे की शारीरिक और मानसिक वृद्धि और विकास में सहायता करती है।

(A) (A) सही है, पर (R) गलत है

(B) (A) गलत है, पर (R) सही है

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं

उत्तर - (C) (A) और (R) दोनों सही हैं

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(vi) निम्न के आधार पर सही विकल्प को पहचानिए :

दावा (A) : समाजीकरण के माध्यम विद्यालय, परिवार, सामाजिक प्रतिमान तथा समाज के नैतिक मूल्य होते हैं।

तर्क (R) : ये समतामूलक शक्तियाँ हैं

(A) (A) सही है, पर (R) गलत है

(B) (A) गलत है, पर (R) सही है

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं

उत्तर - (A) (A) सही है, पर (R) गलत है

(ये हमेशा समानता या समतामूलक नहीं होते।)

प्रश्न 24 - कॉलम—A का कॉलम—B से मिलान कीजिए (कोई चार) :

कॉलम-A	कॉलम-B
(a) परिवार जिसमें व्यक्ति का जन्म हुआ है	(i) परिवार के प्रकार्य
(b) निवास स्थान पर आधारित परिवार का प्रकार	(ii) अभिविन्यास का परिवार
(c) बच्चों का समाजीकरण और संस्कृतिकरण	(iii) शहरीकरण
(d) ऐसे परिवार, जिनमें पति और पत्नी दोनों की आय होती है, लेकिन उनका कोई बच्चा नहीं होता	(iv) मातुल स्थानीय (एवन्क्युलोकल)
(e) एक कारण जो परिवार में परिवर्तन लाता है	(v) यह एक परिवारवादी संगठन
(f) भारत में संयुक्त परिवार है एक	(vi) DINKS

उत्तर -

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

कॉलम-A	कॉलम-B
(a) परिवार जिसमें व्यक्ति का जन्म हुआ है	(ii) अभिविन्यास का परिवार
(b) निवास स्थान पर आधारित परिवार का प्रकार	(iv) मातुल स्थानीय (एवन्क्युलोकल)
(c) बच्चों का समाजीकरण और संस्कृतिकरण	(i) परिवार के प्रकार्य
(d) ऐसे परिवार, जिनमें पति और पत्नी दोनों की आय होती है, लेकिन उनका कोई बच्चा नहीं होता	(vi) DINKS
(e) एक कारण जो परिवार में परिवर्तन लाता है	(iii) शहरीकरण
(f) भारत में संयुक्त परिवार है एक	(v) यह एक परिवारवादी संगठन है

प्रश्न 25 - नीचे लिखे गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और फिर दिए गए किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

यहूदी धर्म के मानने वालों को यहूदी कहते हैं। पुराने भारतीय यहूदियों के घर या आवास कोचीन एवं महाराष्ट्र में हैं। कोचीन के यहूदियों ने अपनी पहचान कम-से-कम एक मिलेनियम से बना रखी है। कहते हैं कि 1020 शताब्दी में कोचीन के राजा ने यहूदियों को जीवन-निर्वाह का अधिकार व विशेष अधिकार दिए थे। इन विशेष अधिकारों में हाथी की सवारी और राजकीय छतरी को लेकर चलना था। बाद में ये यहूदी दो समूहों में बँट गये—पहला समूह श्वेत यहूदी जिनकी त्वचा सफ़ेद थी और जो अपने आपको मौलिक यहूदी मानते थे, दूसरा समूह वह जिनका रंग काला था।

महाराष्ट्र में यहूदियों की संख्या अधिक है। ये बेने इजराइल यानी इजराइल के पुत्र कहलाते हैं। कोंकणी भाषा बोलने वाले कुछ गाँवों में ये रहते हैं और तेल का धंधा करते हैं क्योंकि तेली का धंधा प्रतिष्ठित व्यवसाय नहीं है, इन्हें गाँवों में ऊँचा दर्जा नहीं दिया जाता है। ये शनिवार को काम नहीं करते अतः इन्हें शनिवारी तेली भी कहते हैं।

(a) यहूदियों के धर्म का नाम लिखिए।

उत्तर - यहूदी धर्म

(b) पुराने समय में भारत में यहूदियों की बस्तियों के नाम लिखिए।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

उत्तर - कोचीन और महाराष्ट्र

(c) कोचीन के राजा द्वारा यहूदियों को दिए गए अधिकारों व विशेष अधिकारों का उल्लेख कीजिए।

उत्तर - जीवन-निर्वाह का अधिकार, हाथी की सवारी करने का अधिकार, और राजकीय छतरी लेकर चलने का विशेष अधिकार

(d) 'श्वेत यहूदी' और 'काले यहूदी' में अंतर स्पष्ट कीजिए।

उत्तर –

- **श्वेत यहूदी:** जिनकी त्वचा सफ़ेद थी और जो अपने आपको मौलिक यहूदी मानते थे।
- **काले यहूदी:** जिनका रंग काला था और वे अलग समूह में थे।

(e) महाराष्ट्र के यहूदी क्या कहलाते थे?

उत्तर - बेने इजराइल (इजराइल के पुत्र)

(f) महाराष्ट्र के यहूदी 'शनिवारी तेली' भी क्यों कहे जाते थे?

उत्तर - क्योंकि वे शनिवार को काम नहीं करते थे और तेल का धंधा करते थे।

“ खण्ड-ख”

(SECTION—B)

निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 80 से 120 शब्दों में लिखिए :

प्रश्न 26: समाजशास्त्र में कार्यक्षम विधि (प्रकार्यात्मक परिप्रेक्ष्य) क्या है?

उत्तर: समाजशास्त्र में कार्यक्षम विधि एक दृष्टिकोण है, जो सामाजिक व्यवस्था और संतुलन पर जोर देता है। इसके अनुसार जिस तरह हमारे शरीर में हृदय, फेफड़े और मस्तिष्क अलग-अलग कार्य करते हैं लेकिन जीवन बनाए रखने के लिए एक-दूसरे पर निर्भर हैं, उसी तरह समाज में परिवार, शिक्षा, धर्म और अर्थव्यवस्था जैसे विभिन्न अंग समाज की स्थिरता के लिए मिलकर काम करते हैं। यहां हर अंग का एक विशिष्ट कार्य होता है। एमिल दुर्खीम और हर्बर्ट स्पेंसर इसके प्रमुख विचारक थे।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

प्रश्न 27: अनुलोम और प्रतिलोम विवाह में अंतर स्पष्ट कीजिए।

उत्तर:

तुलना का आधार	अनुलोम विवाह (Hypergamy)	प्रतिलोम विवाह (Hypogamy)
शाब्दिक अर्थ	'अनु' का अर्थ है 'अनुकूल' या 'सीधा'।	'प्रति' का अर्थ है 'विपरीत' या 'उल्टा'।
वर (पुरुष) की स्थिति	पुरुष उच्च जाति या उच्च सामाजिक श्रेणी का होता है।	पुरुष निम्न जाति या निम्न सामाजिक श्रेणी का होता है।
वधू (स्त्री) की स्थिति	स्त्री निम्न जाति या निम्न श्रेणी की होती है।	स्त्री उच्च जाति या उच्च श्रेणी की होती है।
पारंपरिक मान्यता	हिंदू धर्मशास्त्रों और स्मृतियों में इसे एक सीमा तक स्वीकार किया गया था।	प्राचीन काल में इसे शास्त्र-विरुद्ध और सामाजिक अपराध माना जाता था।
सामाजिक प्रतिष्ठा	इसमें कन्या का परिवार उच्च कुल से जुड़कर अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ाता है।	इसे समाज की मर्यादा के विरुद्ध माना जाता था और प्रायः दंड या बहिष्कार का कारण बनता था।
संतति (संतान) का स्थान	बच्चों को पिता की जाति या समाज में सम्मानजनक स्थान मिलता था।	प्राचीन काल में ऐसी संतानों को निम्न श्रेणियों (जैसे चांडाल) में रखा जाता था।

अथवा

'लोगों में प्राकृतिक गैर-बराबरी' और 'सामाजिक गैर-बराबरी' में अंतर स्पष्ट कीजिए।

उत्तर:

विशेषता	प्राकृतिक गैर-बराबरी	सामाजिक गैर-बराबरी
परिभाषा	जन्मजात भिन्नताएँ जैसे आयु, लिंग, शारीरिक शक्ति, बुद्धि	समाज द्वारा निर्मित असमानताएँ जैसे धन, शक्ति, सामाजिक स्थिति, अवसर
उत्पत्ति	प्रकृति द्वारा निर्धारित	समाज और सामाजिक संस्थाओं द्वारा निर्मित

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

विशेषता	प्राकृतिक गैर-बराबरी	सामाजिक गैर-बराबरी
परिवर्तन की संभावना	बदलना कठिन या असंभव	नीतियों और सामाजिक सुधारों से बदली जा सकती है
उदाहरण	शारीरिक ताकत, बुद्धि, लिंग, आयु	जाति व्यवस्था, आर्थिक वर्ग, नस्लीय भेदभाव

प्रश्न 28: कार्ल मार्क्स के अनुसार, शासक वर्ग और सेवा वर्ग में क्या अंतर होता है?

उत्तर: कार्ल मार्क्स के अनुसार, समाज दो मुख्य वर्गों में विभाजित है। पहला **'शासक वर्ग' (बुर्जुआ)** है, जिसका उत्पादन के साधनों (जैसे कारखाने, भूमि) पर नियंत्रण होता है। वे समाज की विचारधारा और राजनीति को नियंत्रित करते हैं। दूसरी ओर, **'सेवा वर्ग' या श्रमिक वर्ग (सर्वहारा) होता है,** जिसके पास उत्पादन के साधन नहीं होते। वे जीवित रहने के लिए अपनी श्रम शक्ति शासक वर्ग को बेचते हैं। इन दोनों के बीच हितों का टकराव रहता है, जिसे मार्क्स **'वर्ग संघर्ष'** कहते हैं।

प्रश्न 29: मण्डल कमीशन, जो 1979 में गठित हुआ था, उसका उद्देश्य और सिफारिश क्या थीं?

उत्तर: मण्डल कमीशन का गठन बी.पी. मंडल की अध्यक्षता में 'पिछड़े वर्गों' (OBC) की पहचान करने और उनके उत्थान के लिए किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य उन समूहों की पहचान करना था जो सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ गए थे। इसकी प्रमुख सिफारिश यह थी कि अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) को सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में 27% आरक्षण दिया जाए। इसका लक्ष्य ऐतिहासिक अन्याय को दूर करना और इन वर्गों को मुख्यधारा में लाना था।

प्रश्न 30: लोकाचार सामाजिक नियंत्रण एजेंट के रूप में किस प्रकार काम करते हैं?

उत्तर: लोकाचार (Mores) समाज में गहरे पैठे हुए वे नैतिक नियम हैं, जो व्यवहार की उचितता और अनुचितता का निर्धारण करते हैं। सामाजिक नियंत्रण के एक शक्तिशाली 'अनौपचारिक एजेंट' के रूप में, ये केवल आदतों या जनरीतियों (Folkways) तक सीमित नहीं होते, बल्कि समाज के अस्तित्व और कल्याण के लिए अनिवार्य माने जाते हैं।

लोकाचार व्यक्ति के व्यवहार पर आंतरिक और बाहरी दोनों तरह से नियंत्रण रखते हैं। इनका उल्लंघन करने पर समाज अत्यंत गंभीर प्रतिक्रिया देता है, जैसे कि कठोर निंदा या सामाजिक बहिष्कार। चूँकि ये नियम समूह की नैतिकता और मूल्यों से जुड़े होते हैं, इसलिए व्यक्ति इन्हें तोड़ने से डरता है। इस प्रकार, लोकाचार समाज में

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

अनुशासन सुनिश्चित करते हैं, सामाजिक ढांचे को स्थिरता प्रदान करते हैं और कानून के अभाव में भी व्यक्तियों को एक व्यवस्थित जीवन जीने के लिए बाध्य करते हैं।

प्रश्न 31: गरीबी के राजनैतिक कारणों का उल्लेख कीजिए।

उत्तर: किसी भी विकासशील राष्ट्र की प्रगति में गरीबी सबसे बड़ी बाधा है, जिसके लिए केवल आर्थिक कारक ही नहीं, बल्कि देश की राजनीतिक संरचना और नीतियां भी समान रूप से जिम्मेदार होती हैं।

गरीबी के राजनैतिक कारण :

- **राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी:** गरीबी उन्मूलन के लिए कड़े निर्णय लेने और योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आवश्यक राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव गरीबी का एक प्रमुख कारण है।
- **भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद:** प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और बेईमानी के कारण गरीबों के लिए बनाई गई योजनाओं का लाभ उन तक नहीं पहुँच पाता है ।
- **अस्थिर सरकारी नीतियां:** बार-बार बदलती सरकारों और उनकी अस्थिर आर्थिक नीतियों के कारण विकास कार्य बाधित होते हैं, जिससे गरीबी की समस्या बनी रहती है।
- **दोषपूर्ण वितरण प्रणाली:** संसाधनों और अवसरों का असमान वितरण राजनीतिक प्राथमिकताओं पर निर्भर करता है, जिससे समाज का एक बड़ा वर्ग आर्थिक लाभों से वंचित रह जाता है।
- **कानून और व्यवस्था की स्थिति:** राजनीतिक अस्थिरता या कमजोर कानून व्यवस्था के कारण निवेश कम होता है और रोजगार के अवसर नहीं बन पाते, जो अंततः गरीबी को बढ़ावा देता है।

अथवा

जनसंख्या संक्रमण की दूसरी अवस्था का वर्णन कीजिए।

उत्तर: जनसंख्या संक्रमण सिद्धांत की दूसरी अवस्था को 'जनसंख्या विस्फोट' का काल माना जाता है। इस चरण की मुख्य विशेषता मृत्यु दर में तीव्र गिरावट और जन्म दर का उच्च बने रहना है। इस अवस्था में वैज्ञानिक प्रगति, बेहतर चिकित्सा सुविधाओं और महामारियों पर प्रभावी नियंत्रण के कारण मृत्यु दर तो कम हो जाती है, लेकिन सामाजिक-सांस्कृतिक कारणों से जन्म दर में कमी आने में समय लगता है। जन्म और मृत्यु दर के बीच का यह बढ़ता अंतर

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

जनसंख्या में भारी वृद्धि करता है। विकासशील देशों में शिक्षा का अभाव और बड़े परिवार की पारंपरिक सोच इस अवस्था को और लंबा खींच देती है। भारत लंबे समय तक इसी चुनौतीपूर्ण अवस्था का उदाहरण रहा है।

निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 से 200 शब्दों में लिखिए:

प्रश्न 32: समाजशास्त्र एवं अर्थशास्त्र के बीच संबंध का उल्लेख कीजिए।

उत्तर: समाजशास्त्र और अर्थशास्त्र दोनों सामाजिक विज्ञान की ऐसी शाखाएँ हैं जो मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करती हैं। इनके संबंधों को निम्नलिखित बिंदुओं के माध्यम से बेहतर समझा जा सकता है:

- **पारस्परिक पूरकता:** जहाँ अर्थशास्त्र धन के उत्पादन, वितरण और उपभोग (Economic activities) का विश्लेषण करता है, वहीं समाजशास्त्र उन सामाजिक समूहों और संस्थाओं का अध्ययन करता है जिनके भीतर ये क्रियाएँ होती हैं।
- **आर्थिक क्रियाओं का सामाजिक आधार:** समाज की परंपराएँ, धर्म और रीति-रिवाज़ अक्सर आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करते हैं। उदाहरण के लिए, दिवाली या ईद जैसे त्योहारों पर बाजार की मांग बढ़ना एक आर्थिक घटना है, लेकिन इसका मूल कारण 'सामाजिक' है।
- **सामाजिक स्तरीकरण का प्रभाव:** समाज में प्रचलित जाति या वर्ग व्यवस्था यह निर्धारित करती है कि किन समूहों को रोजगार और संसाधनों के बेहतर अवसर मिलेंगे। अक्सर आर्थिक असमानता का कारण सामाजिक भेदभाव होता है।
- **साझा समस्याएँ:** गरीबी, बेरोजगारी और जनसंख्या वृद्धि जैसी समस्याएँ केवल आर्थिक नहीं हैं। इनके पीछे सामाजिक कारण (जैसे अशिक्षा या रूढ़िवादिता) होते हैं, जिन्हें समझने के लिए दोनों विषयों का ज्ञान आवश्यक है।

प्रश्न 33: साक्षात्कार आँकड़े एकत्र करने की एक तकनीक है, इस पर चर्चा कीजिए।

उत्तर: साक्षात्कार प्राथमिक आँकड़े एकत्र करने की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रभावी विधि है। इसमें शोधकर्ता और उत्तरदाता के बीच आमने-सामने मौखिक संवाद होता है। इस तकनीक की मुख्य विशेषता यह है कि इसके माध्यम से न केवल उत्तर प्राप्त किए जाते हैं, बल्कि उत्तरदाता के हाव-भाव, चेहरे के भाव और आवाज के उतार-चढ़ाव का भी अवलोकन किया जा सकता है।

साक्षात्कार दो प्रकार के होते हैं: 'संरचित' (जिसमें प्रश्न पहले से तय होते हैं) और 'असंरचित' (जो एक सामान्य बातचीत की तरह होता है)। इस विधि का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इसमें जटिल और व्यक्तिगत विषयों पर

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

गहराई से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यदि उत्तरदाता किसी प्रश्न को समझ नहीं पाता, तो शोधकर्ता उसे तुरंत स्पष्ट कर सकता है। हालांकि, यह विधि समय लेने वाली है और इसमें शोधकर्ता के व्यक्तिगत विचारों का प्रभाव पड़ने की संभावना रहती है।

प्रश्न 34. पश्चिमीकरण की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

उत्तर: एम. एन. श्रीनिवास के अनुसार, पश्चिमीकरण वह प्रक्रिया है जिसने ब्रिटिश शासन के दौरान और उसके बाद भारतीय समाज की संस्कृति और संस्थाओं में व्यापक बदलाव लाए। इसकी मुख्य विशेषताएँ हैं:-

1. **वैज्ञानिक और तार्किक दृष्टिकोण:** अंधविश्वासों के स्थान पर तर्क और विज्ञान को महत्व देना।
2. **मानवतावाद:** जाति, धर्म या लिंग के भेदभाव के बिना सभी मनुष्यों को समान समझने की भावना का विकास।
3. **संस्थागत परिवर्तन:** नई कानूनी व्यवस्था, आधुनिक शिक्षा प्रणाली, प्रेस और प्रशासनिक ढांचे का उदय।
4. **तकनीकी विकास:** रेडियो, रेल, डाक और आधुनिक मशीनों के उपयोग में वृद्धि।
5. **जीवनशैली में बदलाव:** खान-पान (जैसे मेज-कुर्सी पर खाना), पहनावा (जैसे सूट-बूट) और बोलचाल में अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग।
6. **धर्मनिरपेक्षता:** जीवन के सामाजिक और राजनीतिक कार्यों में धर्म के प्रभाव का कम होना।

प्रश्न 35. "विद्यालय और शैक्षणिक संस्थाएँ समाजीकरण के महत्वपूर्ण माध्यम हैं।" विवेचना कीजिए।

उत्तर: परिवार के बाद विद्यालय और शैक्षणिक संस्थाएँ समाजीकरण के दूसरे सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। यहाँ बच्चा 'अनौपचारिक' पारिवारिक वातावरण से निकलकर 'औपचारिक' सामाजिक दुनिया में प्रवेश करता है।

विद्यालय में बच्चा केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि सामाजिक अनुशासन, समयबद्धता और नियमों का पालन करना सीखता है। यहाँ विभिन्न जातियों, धर्मों और वर्गों के बच्चों के साथ रहने से उसमें सहिष्णुता, सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। शिक्षक बच्चों के लिए 'रोल मॉडल' का कार्य करते हैं, जो उनके नैतिक और सामाजिक मूल्यों को आकार देते हैं। इसके अलावा विद्यालय बच्चों को भविष्य की व्यावसायिक भूमिकाओं के लिए तैयार करता है और उन्हें नागरिक अधिकारों व कर्तव्यों का ज्ञान देता है। इस प्रकार, विद्यालय बच्चे के व्यक्तित्व को समाज के अनुरूप ढालने और उसे एक जिम्मेदार नागरिक बनाने में केंद्रीय भूमिका निभाता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

अथवा

परिवार समाजीकरण का एक माध्यम है। उल्लेख कीजिए।

उत्तर: परिवार समाजीकरण का सबसे पहला और प्रमुख माध्यम है। परिवार में ही बालक जन्म के बाद भाषा, व्यवहार, संस्कार, मूल्य, परंपराएँ और सामाजिक नियम सीखता है। माता-पिता, दादा-दादी तथा अन्य सदस्य बालक को प्रेम, सहयोग, अनुशासन और उत्तरदायित्व का ज्ञान देते हैं। परिवार के माध्यम से व्यक्ति समाज में सही-गलत, नैतिकता, धार्मिक आस्था तथा सामाजिक भूमिकाओं को समझता है। यहीं से उसमें सामाजिक समायोजन, सहयोग और सहनशीलता के गुण विकसित होते हैं। इस प्रकार परिवार व्यक्ति को सामाजिक जीवन के लिए तैयार करता है और समाज से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करता है।

प्रश्न 36. सामाजिक नियंत्रण के अभिप्राय (उद्देश्य) का वर्णन कीजिए।

उत्तर: सामाजिक नियंत्रण का मुख्य उद्देश्य **समाज में व्यवस्था और स्थिरता** बनाए रखना है। इसके द्वारा व्यक्तियों को समाज के नियमों, नैतिक मूल्यों और परंपराओं के अनुरूप व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया जाता है। सामाजिक नियंत्रण यह सुनिश्चित करता है कि लोग आपसी सहयोग, अनुशासन और सामाजिक मर्यादाओं का पालन करें, जिससे संघर्ष और अराजकता से बचा जा सके। यह समाज में समानता और न्याय की भावना को बनाए रखता है और सामाजिक परिवर्तन को नियंत्रित करता है। सामाजिक नियंत्रण के माध्यम से व्यक्तियों को समाज के लक्ष्यों के प्रति जिम्मेदार बनाया जाता है और समाज में सामूहिक जीवन आसान और सुरक्षित बनता है। इसके अतिरिक्त, यह अपराध और असामाजिक गतिविधियों को रोकने में भी मदद करता है।

अथवा

सामाजिक नियंत्रण के अनौपचारिक और औपचारिक साधनों में अंतर स्पष्ट कीजिए।

उत्तर: सामाजिक नियंत्रण के माध्यम समाज में नियम, अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने में मदद करते हैं। इसके दो मुख्य साधन हैं: **अनौपचारिक और औपचारिक।**

अनौपचारिक साधन में परिवार, मित्र समूह, पड़ोस और सामाजिक आदतें शामिल हैं। ये व्यक्ति के व्यवहार को सामाजिक मानदंडों और नैतिक मूल्यों के अनुसार ढालते हैं। उदाहरण के लिए, परिवार और मित्र समूह द्वारा प्रशंसा, आलोचना या अपमान जैसी प्रतिक्रियाएँ व्यक्तियों को सही या गलत का बोध कराती हैं।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

इसके विपरीत, **औपचारिक साधन** जैसे कानून, पुलिस, न्यायपालिका और सरकारी नियम समाज में अनुशासन और स्थिरता बनाए रखने के लिए बनाए जाते हैं। ये कानूनी और संगठनात्मक स्तर पर प्रभाव डालते हैं। अनौपचारिक साधन व्यक्तिगत और सांस्कृतिक रूप से काम करते हैं, जबकि औपचारिक साधन समाज के बड़े समूह और संस्थाओं पर लागू होते हैं। दोनों साधन मिलकर समाज को सुव्यवस्थित और स्थिर बनाए रखते हैं।

प्रश्न 37. अनुसूचित जनजातियाँ अपनी पहचान के संकट से क्यों जूझ रही हैं, उचित कारणों से औचित्य सिद्ध कीजिए।

उत्तर: अनुसूचित जनजातियाँ आज अपनी सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान के संकट का सामना कर रही हैं। इसके कई कारण हैं।

1. औपनिवेशिक शासन और बाद में आधुनिक विकास योजनाओं के कारण उनकी जमीन और प्राकृतिक संसाधनों में कमी आई, जिससे उनका पारंपरिक जीवन प्रभावित हुआ।
2. शहरीकरण और आधुनिक शिक्षा के प्रभाव से उनके पारंपरिक सामाजिक ढांचे कमजोर हुए हैं, जिससे उनके समुदायिक संगठन में कमी आई है।
3. समाज में उनके प्रति भेदभाव और सामाजिक पिछड़ापन आज भी उनके अधिकारों और अवसरों को सीमित करता है।
4. कई बार रोजगार, शिक्षा और राजनीतिक भागीदारी में भी उन्हें समान अवसर नहीं मिलते है।
5. इन सभी कारणों से अनुसूचित जनजातियाँ अपनी पहचान, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक अधिकारों की रक्षा करने में असमर्थ हो रही हैं, और उन्हें अपने समुदाय के अस्तित्व और पहचान को बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

प्रश्न 38. जीवन-साथी के वरण के लिए विवाह के निषेधात्मक नियमों की चर्चा कीजिए।

उत्तर: विवाह में जीवन-साथी के चयन पर कई सामाजिक और धार्मिक नियम लागू होते हैं।

- सबसे प्रमुख नियम है **सगोत्र विवाह निषेध**, जिसके अनुसार एक ही कुल या वंश के व्यक्तियों के बीच विवाह नहीं किया जा सकता। इसका उद्देश्य वंश की पवित्रता और सामाजिक पहचान बनाए रखना है।
- **नातेदारी निषेध** में पिता, माता, भाई-बहन या चचेरे रिश्तेदार के बीच विवाह निषिद्ध होता है, ताकि पारिवारिक रिश्तों में अस्पष्टता और संघर्ष से बचा जा सके।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

- कई समाजों में विवाह केवल उसी **जाति या धर्म के भीतर** ही होने चाहिए, जिससे धार्मिक और सांस्कृतिक एकता बनी रहती है। इसके साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्थिति भी विवाह में चयन को प्रभावित करती है।

इन नियमों का मुख्य उद्देश्य केवल व्यक्तिगत चयन पर नियंत्रण नहीं बल्कि समाज, परिवार और समुदाय की **परंपरा, संस्कृति और स्थिरता** बनाए रखना है। ऐसे नियम समाज में अनुशासन और सामाजिक संतुलन

अथवा

कार्ल मार्क्स के 'शासक वर्ग' के बारे में दिए गए विचारों से अलग वेबर की आलोचना पर चर्चा कीजिए।

उत्तर: कार्ल मार्क्स के अनुसार शासक वर्ग वे लोग होते हैं जो उत्पादन के साधनों पर नियंत्रण रखते हैं। ये आर्थिक शक्ति के माध्यम से समाज में प्रभुत्व कायम करते हैं और सेवा वर्ग या मजदूर वर्ग की श्रम शक्ति का शोषण करते हैं। मार्क्स का दृष्टिकोण मुख्यतः आर्थिक आधार पर केंद्रित है और वर्ग संघर्ष को समाज परिवर्तन का मुख्य कारण मानता है।

वहीं, **मैक्स वेबर** ने शासक वर्ग की परिभाषा को केवल आर्थिक शक्ति तक सीमित नहीं रखा। वेबर के अनुसार शासक वर्ग वे लोग हैं जिनके पास संसाधन, राजनीतिक सत्ता, सामाजिक प्रतिष्ठा और अवसरों का नियंत्रण होता है। इसका अर्थ है कि वर्ग निर्धारण केवल संपत्ति पर नहीं बल्कि सामाजिक प्रभाव और अधिकार पर भी आधारित है। वेबर ने यह दिखाया कि किसी व्यक्ति या समूह की सत्ता समाज में उनके निर्णय, प्रभाव और अधिकारों से भी जुड़ी होती है।

इस प्रकार, मार्क्स और वेबर के विचार में अंतर यह है कि मार्क्स केवल आर्थिक नियंत्रण को शासक वर्ग का आधार मानते हैं, जबकि वेबर आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक कारकों को जोड़कर वर्ग की व्यापक व्याख्या करते हैं।

प्रश्न 39. जनसंख्या विस्फोट की सामाजिक-आर्थिक समस्याओं का वर्णन कीजिए। (कोई पाँच बिंदु)

उत्तर: जनसंख्या विस्फोट का अर्थ है किसी देश या क्षेत्र में लोगों की संख्या का अत्यधिक तेज़ी से बढ़ना। भारत जैसे विकासशील देशों में यह एक गंभीर समस्या बन गई है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

1. यह समस्या **आवास और बुनियादी सुविधाओं की कमी** को जन्म देती है। अधिक जनसंख्या के कारण पर्याप्त घर, स्कूल, अस्पताल और साफ पानी जैसी सुविधाएँ सभी तक नहीं पहुँच पातीं। परिणामस्वरूप शहरी क्षेत्रों में झुग्गी-झोपड़ी और असुरक्षित आवास बढ़ते हैं।
2. **बढ़ती जनसंख्या** के कारण काम की मांग बढ़ जाती है, जबकि रोजगार के अवसर सीमित रहते हैं। इससे बेरोजगारी, गरीबी और सामाजिक अस्थिरता जैसी समस्याएँ जन्म लेती हैं। यह स्थिति विशेषकर युवा पीढ़ी को प्रभावित करती है, जिससे अपराध और तनाव बढ़ सकते हैं।
3. स्कूलों और कॉलेजों में **पर्याप्त संसाधन नहीं** होने से शिक्षा का स्तर घटता है। स्वास्थ्य सुविधाओं पर बढ़ता दबाव बीमारियों और मृत्यु दर को बढ़ाता है। विशेषकर ग्रामीण और गरीब क्षेत्रों में यह स्थिति और गंभीर होती है।
4. जनसंख्या वृद्धि का प्रभाव **भूख और कुपोषण** पर भी पड़ता है। अधिक लोगों के कारण खाद्य सामग्री की मांग बढ़ती है, जबकि उत्पादन और वितरण समान नहीं होता। इससे गरीब परिवारों में पोषण की कमी, बच्चों में वृद्धि संबंधी समस्याएँ और बुजुर्गों में स्वास्थ्य संकट बढ़ता है।
5. अंततः, जनसंख्या विस्फोट **पर्यावरण और संसाधनों पर दबाव** डालता है। जल, जंगल, खनिज और भूमि जैसे प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन होता है। इससे प्रदूषण, जल संकट, भूमि क्षरण और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं।

इस प्रकार, जनसंख्या विस्फोट न केवल आर्थिक विकास को प्रभावित करता है बल्कि सामाजिक असमानता और जीवन स्तर पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। इसे नियंत्रित करने के लिए परिवार नियोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार संबंधी योजनाओं पर ध्यान देना आवश्यक है।

प्रश्न 40. परिवार के कार्यों में आए परिवर्तनों को पहचानिए और उनका उल्लेख कीजिए।

उत्तर: परिवार सामाजिक जीवन का मूल संगठन है। समय के साथ समाज में हुए आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों के कारण परिवार के कार्यों में कई बदलाव आए हैं।

1. **आर्थिक कार्यों में बदलाव** – पारंपरिक परिवारों में परिवार का मुख्य उद्देश्य था अपने सदस्यों के लिए आजीविका सुनिश्चित करना। खेती, हस्तशिल्प और घरेलू उद्योग प्राथमिक आजीविका के साधन थे। आज के समय में, परिवार का आर्थिक कार्य बदलकर बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और आधुनिक जीवनशैली के लिए संसाधन जुटाना बन गया है। अब परिवार के सदस्य विविध व्यवसायों और नौकरी के माध्यम से परिवार की आर्थिक जरूरतें पूरी करते हैं।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

2. **सामाजिक और संस्कृतिकरण में बदलाव** – पहले परिवार समाजीकरण का मुख्य माध्यम था, जहाँ बच्चों को परंपरा, रीति-रिवाज और सामाजिक मूल्य सिखाए जाते थे। अब विद्यालय, शिक्षा संस्थान और डिजिटल माध्यम भी बच्चों के समाजीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परिवार केवल प्राथमिक संस्कार प्रदान करता है, जबकि आधुनिक समाजीकरण बहुआयामी और व्यापक हो गया है।

3. **स्नेह और मानसिक सहारा** – पहले परिवार में भावनात्मक समर्थन के लिए बड़े परिवार और सहस्त्रों के सदस्य मौजूद रहते थे। अब छोटे परिवारों और घटते संयुक्त परिवारों में स्नेह और मानसिक सहारा सीमित हो गया है। परिवार अब मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक विकास पर भी ध्यान देता है, जो पहले सामाजिक और धार्मिक समुदाय द्वारा अधिक सुनिश्चित किया जाता था।

4. **लिंग और भूमिकाओं में बदलाव** – पारंपरिक परिवारों में पुरुष मुख्य आर्थिक उत्तरदायी और महिला घरेलू कार्यों में सीमित रहती थी। आज के परिवार में लिंग भूमिकाओं में समानता आई है। महिलाएँ भी शिक्षा और नौकरी के माध्यम से आर्थिक योगदान देती हैं। इससे परिवार में निर्णय लेने और संसाधनों के प्रबंधन की भूमिकाएँ समान रूप से बंट रही हैं।

5. **विकास और देखभाल का बदलता स्वरूप** – पहले परिवार बुजुर्गों और बच्चों की देखभाल का मुख्य साधन था। अब सामाजिक सेवाएँ, वृद्धाश्रम और बाल संरक्षण संस्थान परिवार के कुछ कार्यों को साझा करने लगे हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा और देखभाल के क्षेत्र में परिवार की भूमिका बदल गई है, जबकि उसकी मौलिक जिम्मेदारी बनी रहती है।

इस प्रकार, परिवार आज भी समाज का आधार है, लेकिन इसके पारंपरिक कार्य आधुनिक परिस्थितियों के अनुसार बदल गए हैं।

अथवा

संयुक्त परिवार को परिभाषित कीजिए। संयुक्त परिवार प्रणाली की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

उत्तर: संयुक्त परिवार वह परिवार होता है जिसमें कई पीढ़ियों के सदस्य एक साथ रहते हैं और जीवन की आवश्यकताओं, संसाधनों और जिम्मेदारियों को साझा करते हैं। इसमें माता-पिता, बच्चे, दादा-दादी और कभी-कभी चाचा-चाची और भतीजे-भतीजियाँ शामिल होते हैं।

1. **साझा संसाधन और जीवन** – संयुक्त परिवार में साझा संसाधन और जीवन प्रमुख विशेषता है। परिवार के सभी सदस्य भोजन, आवास, धन और अन्य आवश्यक संसाधनों का साझा उपयोग करते हैं। इस साझा जीवन

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

के माध्यम से परिवार में सहयोग, समझदारी और परस्पर समर्थन को बढ़ावा मिलता है। सभी सदस्य अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को समान रूप से साझा करते हैं, जिससे परिवार के भीतर एकता और सामंजस्य बना रहता है।

2. **सामाजिक सुरक्षा और समर्थन** – सामाजिक सुरक्षा और समर्थन भी संयुक्त परिवार की एक महत्वपूर्ण विशेषता है। यह आर्थिक और भावनात्मक सुरक्षा प्रदान करता है। बुजुर्गों की देखभाल, बच्चों की परवरिश और जरूरतमंद सदस्यों की मदद परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा सुनिश्चित की जाती है। इस प्रकार, संयुक्त परिवार हर सदस्य के लिए जीवन में स्थिरता और सुरक्षा का एक मजबूत आधार बनता है।

3. **नियम और अनुशासन** – संयुक्त परिवार में नियम और अनुशासन का पालन महत्वपूर्ण होता है। परिवार के मुखिया और बुजुर्ग निर्णय लेने और परिवार का मार्गदर्शन करने में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। परिवार की परंपराओं, संस्कारों और नियमों का पालन सभी सदस्यों से अपेक्षित होता है। यह अनुशासन परिवार में शांति और संतुलन बनाए रखने में मदद करता है और सामाजिक मूल्य एवं नैतिकताओं का संचार करता है।

4. **सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान** – संयुक्त परिवार सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान का माध्यम भी है। यह परिवार के सदस्यों को उनके सामाजिक वर्ग, जाति और सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ता है। इससे केवल सामाजिक स्थिरता ही नहीं बनती, बल्कि परिवार के भीतर आपसी संबंध और समझदारी भी मजबूत होती है। संयुक्त परिवार सदस्यों को उनकी सामाजिक जिम्मेदारियों का बोध कराता है और समाज के बड़े नेटवर्क से जोड़ता है।

इस प्रकार, संयुक्त परिवार न केवल परिवार के भीतर सहयोग, सुरक्षा और अनुशासन को सुनिश्चित करता है, बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह पारंपरिक संरचना आधुनिक जीवन में भी अपने महत्व को बनाए रखती है, विशेषकर जब सामाजिक और आर्थिक बदलते परिवेश में बच्चों और बुजुर्गों के लिए सहयोग की अधिक आवश्यकता होती है।

"वैकल्पिक मॉड्यूल-I"

(महिलाओं का सामाजिक स्तर)

प्रश्न 41. बाल विवाह निरोधक अधिनियम, 1929 किस सुधारक के नाम के साथ जुड़ी है?

(A) राजा राम मोहन राय

(B) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर

(C) हरबिलास शारदा

(D) दयानंद सरस्वती

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

उत्तर - (C) हरबिलास शारदा

42. महाराष्ट्र में दलित लड़कियों के लिए पहले विद्यालय की स्थापना किसने की?

(A) महर्षि कर्वे **(B) ज्योतिबा फुले**

(C) बी० आर० अंबेडकर **(D) पंडिता रमाबाई**

उत्तर - (B) ज्योतिबा फुले

43. स्त्रियों का अधिकार स्व-अर्जित सम्पत्ति पर है और स्त्रियों को पुश्तैनी सम्पत्ति पर समान अधिकार है। यह किस अधिनियम के अंतर्गत आता है?

(A) दहेज निषेध अधिनियम, 1961 **(B) समान वेतन अधिनियम, 1976**

(C) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 **(D) हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956**

उत्तर - (D) हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956

अथवा

निम्नलिखित में से कौन-से अधिनियम के अनुसार पुरुष व स्त्री को समान काम करने के लिए समान वेतन का प्रावधान है?

(A) दहेज निषेध अधिनियम, 1961 **(B) समान वेतन अधिनियम, 1976**

(C) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 **(D) हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956**

उत्तर - (B) समान वेतन अधिनियम, 1976

44. सन् 2001 की जनगणना के अनुसार, भारत में लिंग अनुपात _____ है।

उत्तर - 933 स्त्रियाँ प्रति 1000 पुरुष

45. महाभारत की मुख्य नायिका _____ को एक साहसी और स्वतन्त्र स्त्री के रूप में रखा है।

उत्तर - द्रौपदी

अथवा

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

_____ के युग में बाल-विवाह को बढ़ावा दिया जाता था और विधवा विवाह को हीन दृष्टि से देखा जाता था।

ब्राह्मणिक

46. ऐसा विवाह, जिसमें एक व्यक्ति की एक से अधिक पत्नियाँ हों (एक शब्द में परिभाषित कीजिए)

उत्तर - बहुपत्नी विवाह

अथवा

_____ बताता है, प्रति 1000 पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या।

उत्तर - लिंगानुपात

47. महिलावादी ऐसी अवधारणाओं को काम में लाते हैं जैसे कि पितृसत्तात्मकता, पुरुष प्रभुत्व, स्त्री अधीनस्थता आदि जिनसे लैंगिक भेदभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

उत्तर - सही ✅

48. संगठित और असंगठित क्षेत्रों में अंतर स्पष्ट कीजिए।

उत्तर: संगठित क्षेत्र: संगठित क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारी स्थायी रूप से नियुक्त होते हैं और उन्हें नियमानुसार वेतन, पेंशन, बीमा और अन्य सुविधाएँ मिलती हैं। इसमें काम का समय निर्धारित होता है और कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा कानून द्वारा सुनिश्चित की जाती है। **उदाहरण**: सरकारी कार्यालय, बड़ी कंपनियाँ, बैंक।

असंगठित क्षेत्र: असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारी अस्थायी या अनुबंध पर काम करते हैं और उन्हें नियमित सुविधाएँ नहीं मिलती। उनका वेतन कम और असुरक्षित होता है, काम का समय अनियमित होता है और कानूनी सुरक्षा कम होती है। **उदाहरण**: घरेलू कामगार, दैनिक मज़दूर, छोटे दुकानदार।

अथवा

किन परिस्थितियों के अंतर्गत लैंगिक समानता को प्राप्त किया जा सकता है?

उत्तर: लैंगिक समानता तब संभव है जब महिलाओं और पुरुषों को समान अवसर, शिक्षा, रोजगार, वेतन और सामाजिक अधिकार मिलें। इसके अलावा, पितृसत्तात्मक सोच और सांस्कृतिक भेदभाव को कम किया जाए, महिलाओं की भागीदारी सरकारी और सामाजिक निर्णयों में बढ़ाई जाए और कानूनी सुरक्षा प्रभावी हो।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

49. 1986 में बनी राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने यह बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि लैंगिक भेदभाव को शिक्षा व्यवस्था से एकदम हटा देना चाहिए पर अभी तक यह कायम है। इसके कारण लिखिए। (कोई पाँच बिंदु)

उत्तर: राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के बावजूद लैंगिक भेदभाव जारी रहने के कारण :-

1. **सामाजिक एवं सांस्कृतिक मान्यताएँ –** कई समाजों में अब भी लड़कियों को शिक्षा में कम महत्व दिया जाता है और परंपरागत सोच के अनुसार लड़कियों का घर तक सीमित रहना उचित माना जाता है।

2. **पितृसत्तात्मक सोच –** परिवार और समाज में पुरुषों को प्राथमिकता दी जाती है, जिससे लड़कियों को अवसरों और संसाधनों में बराबरी नहीं मिलती।

3. **अपर्याप्त संसाधन और सुविधाएँ –** लड़कियों के लिए पर्याप्त स्कूल, शौचालय, परिवहन और अन्य सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हैं, जिससे उनकी पढ़ाई बाधित होती है।

4. **साक्षरता और जागरूकता की कमी –** माता-पिता और समुदाय में लैंगिक समानता के महत्व की जानकारी कम है, इसलिए लड़कियों को शिक्षा में उतना समर्थन नहीं मिलता।

5. **सुरक्षा और भय –** स्कूल जाने में सुरक्षा की समस्या, सड़क पर उत्पीड़न और अपराध का डर लड़कियों के लिए शिक्षा बाधित करता है और परिवार उनकी पढ़ाई में हिचकिचाता है।

अथवा

स्वतन्त्र भारत में महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए कुछ विधायी कदम उठाए गए। उनकी स्थिति पर इन नीतियों के प्रभाव/प्रभावशीलता की जाँच और चर्चा कीजिए। (कोई पाँच बिंदु)

उत्तर: स्वतन्त्र भारत में महिलाओं की स्थिति सुधारने के लिए विधायी कदम और प्रभाव:

1. **दहेज निषेध अधिनियम, 1961 –** दहेज प्रथा पर रोक लगाकर महिलाओं के अधिकारों और विवाह के दौरान उनके सम्मान की सुरक्षा सुनिश्चित की गई।

2. **समान वेतन अधिनियम, 1976 –** समान कार्य के लिए पुरुष और महिलाओं को समान वेतन का अधिकार दिया गया, जिससे आर्थिक असमानता कम हुई।

3. **महिला आरक्षण और राजनीतिक प्रतिनिधित्व –** पंचायत और संसद में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटें उन्हें राजनीतिक भागीदारी और निर्णय-निर्माण में सम्मिलित करती हैं।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

4. **हिंसा रोकने और सुरक्षा कानून –** घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न और अन्य अपराधों को रोकने के लिए बनाए गए कानूनों ने महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान में सुधार किया।

5. **शिक्षा और रोजगार में विशेष योजनाएँ –** लड़कियों के लिए शिक्षा, कौशल विकास और प्रशिक्षण योजनाओं से उनका सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण बढ़ा और अवसरों में समानता आई।

हालांकि इन विधायी कदमों ने महिलाओं को कानूनी सुरक्षा और पहचान दी है, लेकिन पितृसत्तात्मक सोच और शिक्षा की कमी के कारण इनकी पूर्ण प्रभावशीलता अभी भी कमज़ोर है।

"वैकल्पिक मॉड्यूल-II"

(भारतीय संस्कृति)

41. आपके अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि भारतीय संस्कृति का सबसे अच्छा उदाहरण है?

(A) हाइ फाइव

(B) फिस्ट बम्प

(C) हाथ मिलाना

(D) बड़ों के पैर छूना

उत्तर - (D) बड़ों के पैर छूना

42. निम्न के आधार पर सही विकल्प को पहचानिए :

दावा (A) : एक जनसमूह द्वारा अपनाई गई जीवन-शैली का समग्र रूप संस्कृति होता है।

तर्क (R) : इसमें विश्वासों और दृष्टिकोणों का एक संग्रह, साझा समझ और व्यवहार के तरीके शामिल हैं।

(A) (A) सही है, पर (R) गलत है

(B) (A) गलत है, पर (R) सही है

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं

उत्तर - (C) (A) और (R) दोनों सही हैं

43. 'हल, हँसिया, गायन-वाद्य-यंत्र, इत्यादि' निम्न में से किससे संबंधित हैं?

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(A) संस्कृति स्थानबद्ध है **(B) संस्कृति समयबद्ध है**

(C) भौतिक संस्कृति **(D) अभौतिक संस्कृति**

उत्तर - (C) भौतिक संस्कृति

अथवा

"सभी मानव अपने जीवन को बनाए रखने के लिए अपने प्राकृतिक वातावरण को अपने अनुकूल बनाने की तकनीक जानते हैं।" यह निम्न में से संस्कृति की किस विशेषता से संबंधित है, पहचानिए।

(A) संस्कृति सार्वभौमिक है **(B) संस्कृति स्थिर है, और फिर गतिशील भी है**

(C) संस्कृति एक सीखा हुआ व्यवहार है **(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं**

उत्तर - (A) संस्कृति सार्वभौमिक है

44. _____ बिना औपचारिक स्कूल के चलने वाली एक सहज शिक्षा प्रक्रिया है।

उत्तर - अनौपचारिक शिक्षा

45. समय और _____ संस्कृति को गतिशील बनाते हैं।

उत्तर - परिवर्तन

अथवा

कुछ भी जो परंपरा से प्राप्त न हो अपितु प्रयत्न द्वारा या एक समय में या दोनों द्वारा प्राप्त की गयी हो उसे _____ कहते हैं

उत्तर - सांस्कृतिक नवाचार

46. भवन की डिज़ाइनिंग व निर्माण की कला और विज्ञान

उत्तर - वास्तुकला

अथवा

किसी विषय का व्यवस्थित रूप से लिखित में औपचारिक विवरण

उत्तर - लेख

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

47. आदर्श प्रतिमान एक विशिष्ट जन-समुदाय के लिए खास तरीके या स्तर की आदर्श बातें नहीं हैं।

उत्तर - गलत ✗ (आदर्श प्रतिमान किसी विशिष्ट जन-समुदाय के लिए बनाए गए मानक या आदर्श व्यवहार और मूल्य होते हैं।)

48. राजनीतिक स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने विज्ञान और तकनीक को प्रोत्साहित करने के लिए कौन-से कदम उठाए? (किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए)

उत्तर - राजनीतिक स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने विज्ञान और तकनीक को प्रोत्साहित करने के लिए उठाए गए कदम:

1. भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) और विभिन्न अनुसंधान केंद्रों की स्थापना।
2. पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से वैज्ञानिक और तकनीकी शिक्षा तथा अनुसंधान को बढ़ावा देना।

अथवा

भारतीय वास्तुकला के दो भिन्न समूहों की व्याख्या कीजिए।

उत्तर - भारतीय वास्तुकला के दो भिन्न समूह:

1. हिंदू वास्तुकला – मंदिर निर्माण, शिल्पकला, स्तंभ और गुम्बद।
2. मुगल वास्तुकला – मकबरे, किला, बगीचे और लाल पत्थर-मार्बल की सजावट।

49. "मुगल काल में ललित कला महत्त्वपूर्ण उत्कर्ष के स्तर पर जा पहुँची थी।" उदाहरण सहित औचित्य सिद्ध कीजिए। (कोई पाँच बिंदु)

उत्तर - मुगल काल में ललित कला महत्त्वपूर्ण उत्कर्ष के स्तर पर जा पहुँची थी। उदाहरण:-

1. **चित्रकला में उत्कृष्टता:** मुगल चित्रकला में बहुत सूक्ष्म विवरण, रंगों का समुचित प्रयोग और जीवन शैली का यथार्थ चित्रण देखा गया। अकबर, जहांगीर और शाहजहाँ के दरबार में चित्रकारों ने भव्य चित्रावली बनाई।
2. **वास्तुकला का उत्कर्ष:** ताजमहल, फतेहपुर सीकरी और लाल किला जैसी संरचनाएँ मुगल वास्तुकला की भव्यता और सौंदर्यबोध को दर्शाती हैं।
3. **साज-सज्जा और अलंकरण कला:** महलों, मस्जिदों और कुतुबमीनार जैसी इमारतों में मूर्तिकला, जाली कला और चित्रकारी का उत्कृष्ट समावेश हुआ।
4. **साहित्य और पुस्तक कला:** मुगल काल में सुसज्जित पांडुलिपियाँ और शाही पुस्तकालयों में ललित चित्रण का विकास हुआ, जैसे हुमायूँ का बायोग्राफी और अकबर की इतिहासकृतियाँ।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

5. **संगीत और नृत्य कला का संरक्षण:** दरबार में संगीत और नृत्य को बढ़ावा दिया गया, जिससे शास्त्रीय और पारंपरिक कलाएँ विकसित हुईं और ललित कला के समग्र स्वरूप को और ऊँचाई

अथवा

"प्राचीन भारत की चित्रकारी सभी कालों में अभिनव रही है।" उचित उदाहरण देकर इसका औचित्य सिद्ध कीजिए। (कोई पाँच बिंदु)

उत्तर - प्राचीन भारत की चित्रकारी सभी कालों में अभिनव रही है। उदाहरण:-

1. **गुप्तकाल की चित्रकला**: गुप्तकाल की चित्रकला में अजंता की गुफाओं की भित्तिचित्रें अद्‌भुत हैं, जिनमें धार्मिक कथाओं और जीवन की सूक्ष्म अभिव्यक्तियों का चित्रण मिलता है।
2. **राजपूतकाल की शैली**: राजपूत चित्रकला में राघुनाथ और कृष्णलीला जैसी कथाएँ चित्रित की गईं, जिनमें रंगों की विविधता और भाव-प्रकट करने की शैली अभिनव थी।
3. **मुगल और पर्शियन प्रभाव**: प्राचीन भारतीय चित्रकला में मुगल और पर्शियन शैली का सम्मिश्रण देखा गया, जैसे अकबर और जहांगीर के दरबार की पांडुलिपियों में सूक्ष्म और यथार्थ चित्रण।
4. **धार्मिक और भौतिक चित्रकला का संयोजन**: भित्तिचित्रों और तैलचित्रों में बौद्ध, जैन और हिन्दू धर्म की कथाओं के साथ समाज और संस्कृति का चित्रण भी किया गया।
5. **स्थानीय और क्षेत्रीय नवाचार**: राजस्थान, पंजाब और दक्षिण भारत में स्थानीय रंग, पोशाक और परिदृश्य के अनुसार चित्रकला विकसित हुई, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में अभिनव और विशिष्ट शैली उभरी।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

NIOS PYQ's SOLUTIONS

PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS

OCTOBER-2024

Your Path to Success

खंड - अ

प्रश्न 1 - एक पड़ोस या गाँव निम्नलिखित में से किसके अच्छे उदाहरण हैं?

(A) समुदाय **(B) समाज**

(C) शहर **(D) संघ**

उत्तर - (A) समुदाय

प्रश्न 2 - यूरोप में 17वीं सदी में हुई औद्योगिक क्रांति धीरे-धीरे संपूर्ण विश्व में फैल गई। उस कारक की पहचान करें जो इस परिघटना से जुड़ा हुआ नहीं है:

(A) उत्पादन घरों से निकलकर कारखानों में चला गया।

(B) उत्पादन प्रक्रिया में पूंजी की भूमिका बढ़ गई।

(C) सभी वर्गों के लोगों ने कृषि गतिविधियों को अपनाया।

(D) सभी महिलाओं ने कार्य क्षेत्र में प्रवेश किया।

उत्तर - (C) सभी वर्गों के लोगों ने कृषि गतिविधियों को अपनाया।

प्रश्न 3 - कार्ल मार्क्स सामाजिक परिवर्तन के आर्थिक सिद्धांत के मुख्य रचनाकार थे। निम्न में से कथन चुनें जो मार्क्सवादी दृष्टिकोण से मेल नहीं खाता:

(A) पूँजीवाद का उदय सामंतवाद में विरोधाभासों के कारण हुआ।

(B) किसानों और मज़दूरों के बीच वर्ग-संघर्ष होना।

(C) श्रमिकों द्वारा छेड़ी गई क्रांति।

(D) पूँजीवाद की बुराइयों के परिणामस्वरूप समाजवाद का उदय होगा।

उत्तर - (B) किसानों और मज़दूरों के बीच वर्ग-संघर्ष होना।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

प्रश्न 4 - सरल समझ के लिए, मानवशास्त्री आदिवासी व्याख्या एक ऐसे सामाजिक समूह से करते हैं जिसका :

(A) एक निश्चित क्षेत्र में निवास पाया जाता है और कोई विशिष्टीकरण नहीं होता।

(B) प्रकृति में बहिर्विवाही हैं।

(C) ये लोग अपनी नृजातीय एवं क्षेत्रीय एकता के बारे में जागरूक होते हैं।

(D) केवल (A) और (C) सही हैं।

उत्तर - (D) केवल (A) और (C) सही हैं।

प्रश्न 5 - समाजशास्त्रियों ने समाज के कतिपय लक्षणों को पहचाना है। निम्न में से कौन सा लक्षण नहीं है?

(A) एक दूसरे पर आश्रित होना (आत्मनिर्भरता)

(B) बिना किसी विभेद के समानता

(C) सदस्यों के बीच में सहयोग

(D) परस्पर विरोधी संबंधों का होना

उत्तर - (B) बिना किसी विभेद के समानता

प्रश्न 6 - निम्नलिखित में से कौन सा समरक्त नातेदारी के अंतर्गत नहीं आता ?

(A) बच्चे और माता-पिता के बीच संबंध

(B) चाचा और भतीजी/भतीजों के बीच संबंध

(C) पिता और माँ के बीच संबंध

(D) समान माता-पिता वाले भाई-बहनों के बीच संबंध

उत्तर - (C) पिता और माँ के बीच संबंध

प्रश्न 7 - उस कारक की पहचान करें जिसे हमारे देश में कई परिवारों द्वारा सामना की जा रही है जिसे गरीबी से नहीं जोड़ा जा सकता :

(A) वे भूमिहीन है और काम व मज़दूरी के लिए दूसरों पर निर्भर है।

(B) उन्हें कम वेतन पर काम करना पड़ता है

(C) उन्हें पूरे वर्ष काम मिलता है

(D) उन्हें उच्च ब्याज दरों पर ऋण लेना पड़ता है

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

उत्तर - (C) उन्हें पूरे वर्ष काम मिलता है

प्रश्न 8 - निरक्षरता आधुनिक समाज के लिए एक अभिशाप है, क्योंकि यह निम्न की ओर ले जाता है :

(A) अज्ञानता

(B) अभावहीनता

(C) गलत विचार और कृत्य

(D) उपरोक्त सभी सत्य है

उत्तर - (D) उपरोक्त सभी सत्य है

